# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल ग्वालियर
सेन्ट्रल नर्सरी, केप्टन रूप सिंह स्टेडियम के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म0प्र0)
**Phone : 0751-2341166, Fax : 0751-2341166, E-Mail : dfotgwa@mp.gov.in**

क्रमांक / मा.चि. / 9515 ग्वालियर दिनांक 12/11/2018

प्रति,

**कार्यपालन यंत्री,**
**हरसी उच्च स्तरीय नहर**
**संभाग क्रमांक–02 डबरा**
**जिला ग्वालियर (म0प्र0)**

विषय–मॉ रतनगढ़ बुहउद्देशीय परियोजना जिला ग्वालियर के अन्तर्गत प्रभावित वन भूमि के प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में ।

संदर्भ–आपका पत्र क्रमांक 3537–38 / टी.एस. / 2018 दिनांक 1.11.2018

---

विषयांकित संदर्भित पत्र के प्रकरण में लेख है कि आपके संदर्भित पत्र से मॉ रतनगढ़ बुहउद्देशीय परियोजना के निर्माण में डूब क्षेत्र में प्रभावित होने वाली वन भूमि के उपयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत वन भूमि व्यपवर्तन के प्रस्ताव ऑन लाईन अपलोड करते हुये प्रस्ताव 02 हार्डकॉपियों में इस कार्यालय में प्रस्तुत की है। जिसका अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रस्तुत प्रस्ताव में मात्र कक्ष क्रमांक व कुल रकवे का उल्लेख किया है। परन्तु उक्त प्रस्तावित क्षेत्र को वन मानचित्र जिसमे कक्ष दर्शाये गये हो, उस मानचित्र में ग्वालियर जिले के अन्तर्गत आने वाले प्रस्तावित वन क्षेत्र को दर्शाने वाला मानचित्र संलग्न नही किया गया है। आप सूचना प्रौद्योगिकी विभाग भोपाल से उक्त वन मानचित्र प्राप्त कर प्रस्तावित वन क्षेत्र को कक्षवार दर्शाकर वन मानचित्र स्केल 1:15000 का इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपके द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव ऑन लाईन इस कार्यालय में प्राप्त नही हुआ है। इस कार्यालय में ऑन लाईन प्रस्ताव प्राप्त होने पर ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जाना संभव हो सकेगी। सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**वन संरक्षक**
**सामान्य वनमण्डल ग्वालियर**
दिनांक 12/11/2018

पृ0 क्रमांक / मा.चि. / 9516

प्रतिलिपि –

1–मुख्य वनसरंक्षक ग्वालियर वृत ग्वालियर की ओर आपके पृ0 क्रमांक / मा.चि. / 18 / 6754 दिनांक 23.10.2018 के संदर्भ में सूचनार्थ संप्रेषित।

2–कलेक्टर जिला ग्वालियर की ओर संदर्भित पत्र के संदर्भ में सूचनार्थ संप्रेषित।

**वन संरक्षक**
**सामान्य वनमण्डल ग्वालियर**